दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 175 मुरादाबाद 20 October 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## सीएम योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश, सड़क पर न रखी जाए मूर्तियां- सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम



गोरखपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर कोई भी मूर्ति सड़क पर न रखी जाए। मूर्तियां अपनी परंपरागत जगह पर ही रखी जाएं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। अराजकता करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। सफाई अभियान चलाकर कम किया जाए बीमारियों का खतरा- दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ गोरखनाथ मंदिर में बैठक कर रहे थे। उन्होंने बाढ़ की स्थिति के बारे में पूछा तो सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन नरेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि नदियों में पानी कम हो रहा है। सरयू खतरे के निशान से नीचे आ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी जमा है, पानी उतरने के बाद वहां विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। सफाई अभियान चलाकर संक्रामक बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है। समय से पूरा कराएं सभी विकास परियोजनाएं- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जीडीए उपाध्यक्ष की ओर से भावी योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। नया गोरखपुर एवं अन्य योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री को बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विकास परियोजनाओं को समय से पूरा किया जाए। बैठक के दौरान जिले में तैनात हुईं नई ज्वाइंट मजिस्ट्रेट 2020 बैच की आइएएस अधिकारी नेहा बंधु एवं आइपीएस मानुष पारिक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इमानदारी से काम करने की दी सलाह- मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार, डीआइजी जे रविन्दर गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, सीईओ गीडा पवन अग्रवाल, जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सिटी कृष्णा विश्नोई आदि उपस्थित रहे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


## मुनव्वर राना का अजीबोगरीब बयान, कहा- मेरा बाप मुस्लिम था, लेकिन मां थीं या नहीं इसकी गारंटी नहीं लेता



जीवनभर मां पर कविताएं लिखने वाले मशहूर शायर मुनव्वर राना ने अजीबोगरीब बयान दिया है। उन्होंने यूपी में बीजेपी द्वारा पासमांदा मुस्लिमों को जोड़ने के लिए हुए सम्मेलन पर बयान दिया, जिसमें उन्होंने अपनी मां तक का जिक्र कर दिया। मुनव्वर राना ने कहा कि वह इस बात की गारंटी लेते हैं कि उनके पिता मुसलमान थे, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं लेते कि उनकी मां भी मुसलमान थीं। एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान जब मुनव्वर राना से बीजेपी के पसमांदा सम्मेलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पसमांदा का मतलब समाज में पिछड़े हुए लोग होते हैं। इस्लाम में पसमांदा का कोई अर्थ नहीं था। अरब में भी कोई जाति के बारे में नहीं जानता था, लेकिन जब हिंदुस्तान आए तो इस रंग में रंग गए।

### बाप मुसलमान था, लेकिन मां थीं, यह गारंटी नहीं लेता

इसी दौरान उन्होंने आगे अजीबोगरीब उदाहरण देते हुए कहा, मैं बहुत ईमानदारी से कहता हूं कि मेरा बाप मुसलमान था, इसकी मैं गारंटी लेता हूं। लेकिन मेरी मां भी मुसलमान थीं, इसकी गारंटी नहीं ले सकता। क्योंकि मेरा फर्स्ट फादर जो इंडिया में आया, चाहे समरकंद, अफ्रीका, अरब या कहीं से भी आया हो, वह फौज के साथ आया था और फौजें बगल में बीवियां लेकर नहीं चलतीं। ऐसे में मां भी मुसलमान थीं, इसकी गारंटी नहीं ले सकता। मशहूर शायर ने आगे कहा कि फर्स्ट फादर यहां आए तो अपने तौर-तरीके व अच्छी विचारधारा से पूरे देश में फैलते चले गए। इसके बाद यहां के ठुकराए लोगों ने उन लोगों को देखा कि ये किस तरह के लोग हैं तो फिर इस्लाम कबूल करना शुरू कर दिया। वह भगवान से भी बड़े हैं। हालांकि, इसके बाद उनकी भाषा बदल गई और अपशब्द कहने लगे। राना ने कहा था, जज ने जो बोलना था बोल दिया, जज से बड़ा कोई नहीं है, महादेव छोटे हैं, जज बड़ा है। जब उनसे कहा गया कि अभी कोई फैसला नहीं आया है एक पक्ष दावा कर रहा है तो राना ने कहा, जब एक जज फैसला खराब कर सकता है तो इसके बाद रह क्या जाता है। यदि मैं बादशाह होता, प्रधानमंत्री होता तो उस जज को अरेस्ट करवा लेता, जिन्होंने केस किया है, उन्हें अरेस्ट करवा लेता।

## मल्लिकार्जुन खड़गे बने कांग्रेस अध्यक्ष, शशि थरूर ने मान ली हार; 24 साल बाद गद्दी से हटा गांधी परिवार





कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव का नतीजा आ गया है, जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे ने जीत हासिल की है। उन्हें कुल 7,897 वोट मिले हैं। इसके अलावा शशि थरूर को भी 1,000 से ज्यादा वोट मिले हैं। थरूर ने अपनी हार को स्वीकार कर लिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर माना जा रहा था कि उन्हें पार्टी हाईकमान की ओर से भी समर्थन मिला है। यही वजह है कि ज्यादातर अन्य नेताओं का समर्थन भी उन्हें ही मिला है। कर्नाटक से 9 बार विधायक रहने और कई बार सांसद रहने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को गांधी परिवार के वफादार नेताओं में शुमार किया जाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष चुना जाना पार्टी में बड़े बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही गांधी परिवार बैकसीट पर पहुंच गया है, जो लगातार 24 सालों से कांग्रेस अध्यक्ष था।1998 से अब तक सोनिया गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष थीं, जबकि बीच में दो साल के लिए 2017 से 2019 के दौरान राहुल गांधी ने यह पद संभाला था। लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी ने पद से इस्तीफा दे दिया था। यही नहीं तभी उन्होंने साफ कर दिया था कि अब गांधी परिवार से कोई अध्यक्ष नहीं होगा। अंत तक वह इस जिद पर अड़े रहे और फिर चुनाव हुआ, जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे को चुना गया है।

### खड़गे की अध्यक्षी में राहुल गांधी ने बताई अपनी भूमिका

इस बीच राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष होने पर अपनी भूमिका के बारे में भी बताया है। राहुल ने खुद ही साफ कर दिया है कि पार्टी प्रमुख ही उनके काम का फैसला करेंगे। फिलहाल, वायनाड सांसद कन्याकुमारी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक पदयात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी चीफ का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। बुधवार को राहुल ने यात्रा के दौरान आंध्र प्रदेश में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने अपनी भूमिका को लेकर कहा कि इसके बारे में पार्टी प्रमुख बताएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी में सुप्रीम होता है। हर सदस्य अध्यक्ष के पास जाता है... वे पार्टी में मेरी भूमिका तय करेंगे, प्लीज खड़गे जी और सोनिया गांधी जी से पूछें।

### चुनाव को भुनाएगी कांग्रेस? राहुल बोले- ऐसी इकलौती पार्टी है कांग्रेस

इस बीच कांग्रेस ने अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने के फैसले को भुनाना भी शुरू कर दिया है। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस अकेली पार्टी है, जिसमें चुनाव होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा से कोई इस बारे में सवाल नहीं पूछता। किसी और दल में अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं होता है। राहुल गांधी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर दोनों ही अनुभवी नेता हैं। देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कांग्रेस इससे मुकाबला कर रही है।

# स्वास्थ्य विभाग टीम ने टीकाकरण शिविर लगाया कैम्प

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती बदलते मौसम मे बच्चो व महिलाओ को रोगो से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर टीकाकरण किया। ग्राम पंचायत पटना के मजरा ऐंठा गांव मे खसरा, दिमागी बुखार, निमोनिया, काली खांसी आदि रोगो से बचाने के लिए महिलाओ व बच्चो को वैक्सीन लगाया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओ को टिटनेस का टीका लगा करके आयरन व कैल्सियम की दवाएं दी गई। एएनएम प्रीति देवी ने लोगो को परिवार नियोजन अपनाने के साथ अच्छे खान पान रखने के बारे मे बताया। स्वास्थ्य मे किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर सीएचसी व नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी। इस मौके पर सरस्वती गौतम, मीना वर्मा, कुसुम शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## अवैध शराब के विरूद्ध चला अभियान 45 लीटर शराब बरामद



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आज आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, उमाशंकर चौधरी एवं अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना मल्हीपुर के दुर्गापुरवा, तेंदुआ बराव, बगियापुरवा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 45 लीटर शराब बरामद की गई और मौके पर 150 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया तथा मौके से 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

## अलीगढ़ में डेंगू के डंक से दहशत, 104 संक्रमित,लगातार बढ़ रहा है डेंगू का ग्राफ, स्वास्थ्य विभाग में मचा हुआ है हड़कंप

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ में पिछले साल के मुकाबले इस बार भी डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं डेंगू की वजह से 1 ग्राम विकास अधिकारी की मौत हो चुकी है अलीगढ़ जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले को लेकर अलीगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के अंदर 104 डेंगू के मामले हैं, लगातार गांव में डेंगू से बचाव के लिए टीम भ्रमण कर रही हैं और लोगों को डेंगू से बचाव एवं अन्य चीजों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, सीएमओ ने कहा कि जिन जिन गांव में डेंगू का प्रकोप है उन गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार दवाओं का छिड़काव करने के साथ ही लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बता रही है साथ ही लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि उनके घर के अंदर भरे पानी को फेंकने के साथ-साथ पुरानी वस्तुओं को साफ सफाई करने की भी बात कही जा रही है जिससे वहां डेंगू के लारवा ना पनपे, क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जहां काफी समय से पानी भरा होता है और गंदगी होती है वहां डेंगू के लारवा पैदा होते हैं जिसकी वजह से मच्छर व्यक्ति को काट लेता है तो उससे डेंगू होने के चांस ज्यादा होते हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा रहा है की ठहरा हुआ पानी और अन्य चीजों से अपना बचाव करें

## जीरो टॉलरेंस के तहत इंस्पेक्टर श्यामा ने किया रोड मार्च दिए निर्देश



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली-तेजतर्रार अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने व आमजन मानस में सुरक्षा की भावना को और प्रबल करने हेतु मुगलसराय थाना के फ़ोर्स के साथ संयुक्त रूप से प्रर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर दुकानदारों/ व्यापारियों व राहगीरों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दी। इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी के नेतृत्व में लगातार फुट पेट्रोलिंग किया जा रहा जिसके अन्तर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, सर्राफा मार्केट, प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड/टैम्पो स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क, सिनेमा हाल आदि स्थानों पर भ्रमण व निरीक्षण किया जा रहा है।

## क्राइम कंट्रोल करना मेरी सबसे पहली प्राथमिकता-एसीपी शिवा सिंह

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- बतौर एसीपी चेतगंज के पद पर आईपीएस शिवा सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया।आईपीएस शिवा सिंह के बारे में बताया जाए तो वो एक तेजतर्रार अधिकारी के रूप में जानी जाती है।पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि अपने सर्किल से क्राइम कन्ट्रोल करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।आगे उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता फ्रेंडली होना चाहिए जिससे जनता बेझिझक अपनी समस्याओं को पुलिस के सामने बता सके जिससे उनके समस्याओं का निस्तारण त्वरित हो सकेगा। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अराजक तत्व के द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश किया जा रहा है जिस पर हमारे पुलिस लगातार कड़ी प्रहार कर रही है।क्षेत्र की जनता से हम अपील करते हैं कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वो हमारी मदद करेंगे।

## माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 30 दिन में आपदा में मुआवजा देने की धोषण पर पर किसानों ने आभार व्यक्त किया-राकेश सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है उन्होंने आपदा में मुआवजा कि 30 दिन में देने का उत्तर प्रदेश के किसानों को आश्वासन दिया है इस आदेश से पूरे क्षेत्र का किसान काफी खुश नजर आया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ जी ने हमेशा किसानों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से लिया है दुख दर्द को समझा है मुख्यमंत्री जी ने विरोधियों के गलत तरीके से हो रहे मुआवजा के लिए धरना प्रदर्शन पर ग्रहण लगा दिया है माननीय मुख्यमंत्री जी भारत के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री है सानू के मुआवजा की घोषणा होते ही विरोधी दलों के नेताओं के मुंह पर मायूसी छाई है विरोधी दलों के नेता झूठा प्रदर्शन करते हैं किसानों की आड़ में सरकार का गलत विरोध करते हैं विरोधी दलों के नेताओं को किसानों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं विरोध करते हैं केवल अखबार में चमकने के लिए विरोध करते हैं नेतागिरी दिखाते हैं झूठी राजनीति करते हैं यह जनता और किसान पूरी तरह से समझ चुका है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि उत्तर प्रदेश के यूपी नरेश यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने जितना योगदान उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए किया है इसलिए किसी भी सरकार ने इतना कार्य नहीं किया माननीय मुख्यमंत्री जी पूरी नजर किसानों की समस्याओं पर भी रखते हैं पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है चारों तरफ विकास का रो रहा है किसानों को मुआवजा मिल रहा है जनता की समस्याएं सुनी जा रही हैं दलाली खत्म हो गई है उत्तर प्रदेश की जनता को इसी तरह के मुख्यमंत्री की जरूरत थी उनको पूरी तरह से मिल चुके हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने आपदा में मुआवजा 30 दिन में देने घोषणा पर किसानों ने एवं क्षेत्र की जनता ने बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है

## नानऊ नहर में युवती ने प्रेमी के चक्कर मैं लगाई छलांग फैली सनसनी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- बुधवार की दोपहर नानऊ पुल पर उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवती ने पुल की रेलिंग पर चढ़कर गंग नहर में छलांग लगादी। यह देख वहां मौजूद लोग हतप्रभ रह गये। कई लोग नहर में कूद गये और युवती किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कहते है कि इश्क व मुश्क कितना भी छिपायें लेकिन वह छिपता नहीं है। वहीं इस मामले में भी यही हुआ युवक व युवती ने अपने बीच चल रहे इश्क को परिवार के लोगों से छिपाने का लाख प्रयास किया लेकिन छिप न सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के गांव के ही एक युवक से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक दिल्ली में मेंहदी लगाने का काम करता है।बुधवार को युवती की युवक से फोन पर बात हुई कि युवक ने उससे कहा तू दिल्ली आजा यहां किसी मंदिर में शादी की रस्म पूरी करेंगे।यह जानकारी किसी तरह युवती के परिजनों को हो गई उन्होंने युवती का विरोध करते हुय निगहवानी शुरू कर दी। दोपहर में घर वालों की निगाह बचाकर वह नानऊ पुल की ओर चल दी पीछे पीछे परिजन भी आगये लेकिन इससे पूर्व युवती ने नहर में छलांग लगादी।यह देख मोजूद लोगों में सनसनी फैल गई। इस बीच परिजनों की चीखपुकार पर तमाम लोग जुट गये लोगों ने नहर में कूदकर किसी तरह बेहोश हुई युवती को पानी से बाहर निकाला।

परिजनों के काफी प्रयास के बाद युवती को होश आया। युवती की जेब से परिजनों को बीस हजार रुपये मिले है।घटना के संबंध में कोतवाल रामवकीलसिंह ने बताया है कि घटना की जानकारी मिली थी पीआरबी मौके पर गई मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्क्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाये। शमन तामिला हेतु प्रोसिस रजिस्टर बनायें व उसको समय-समय पर अपडेट करे। निर्धारित लक्ष्य से आगे बढकर वादों के निस्तारण में अपनी अहम भूमिका निभायें। जिलाधिकारी ने कहा कि कैसे और बेहतर कार्य किया जाये शासकीय अधिवक्ता इसके लिए प्रयासरत रहें। ऐसा माहौल बनायें जिससे कि अपराधियों के दिल में भय उत्पन्न हो और समाज में अच्छा संदेश जाये। उन्होंने कहा कि वादों का दायरा प्रतिदिन बढ़ रहा है अतः वाद निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिन मामलों में अपील दायर करनी है उनमें समय से अपील भी दायर करें जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों, गम्भीर अपराध के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये गये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में महिला संबंधी अपराधों एवं पॉक्सो के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। बैठक में शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि किसी प्रकार की कोई समस्या नही आ रही है, गवाहों की उपस्थिति में भी पुलिस का बेहतर सहयोग मिल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल ने कहा कि हम लोगों को ऐसे अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करनी है जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाये। ब्लैक स्पॉट वाले केस को प्राथमिकता स्तर पर निपटाने की जरुरत है। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि आप लोग हमें भरपूर सहयोग दें तथा हमें आपसी तालमेल से कार्य करने की आवश्यकता है।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्टेऊट अजय कुमार गौतम, संयुक्त निदेशक अभियोजन ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बचत का वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु विभागवार लक्ष्य किया निर्धारित

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय बचत का वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विगत वर्ष के लक्ष्य में तीन गुना वृद्धि करते हुए इस वर्ष राष्ट्रीय बचत योजनान्तर्गत जनपद मुरादाबाद का लक्ष्य 24708 लाख रुपये शुद्ध जमा का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अपने कार्यालय /विभाग के लक्ष्य को अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों को तुरन्त वितरित कर दें तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार प्रत्येक माह इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु नियमित रुप से समीक्षा करना सुनिश्चित करें और उन्हें निर्देशित कर दें कि उनकी प्रगति उनके क्षेत्र के निवेशकों से अभिकर्ताओं की रसीद बुकों के माध्यम से धनराशि जमा करायी गयी हो अन्यथा प्रगति शून्य मानी जाएगी। जिलाधिकारी ने लक्ष्य पूर्ति हेतु एक रणनीति बनाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी निर्देश दिये है कि कार्यालय में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी का डाकघर में 05 वर्षीय आवर्ती खाता (आर0डी0) खाता अवश्य खोल दिया जाये। खाता न्यूनतम रुपये 1,000/- मूल्य वर्ग का हो, यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी का खाता 1,000/- से कम का है तो उससे अवशेष धनराशि का खाता अनिवार्य रुप से खुलवा लिया जाये, इस प्रकार अधिकारी/कर्मचारी/क्षेत्र कर्मचारी का क्रमशः रु0 2,000/- , 1,500/- एवं रु0 1,000/- के आर0डी0 खाते अवश्य खुलवा दिये जाये। आपके अधीनस्थ जो भी अधिकारी/कर्मचारी आयकरदाता हैं उनको स्टेट बैंक/डाकघर में 15 वर्षीय लोक भविष्य निधि (पी0पी0एफ0) का खाता खोलने के लिए प्रेरित किया जाये। पीपीएफ योजना में न्यूनतम रु0 500/- एवं अधिकतम् रु0 1,50,000/- जमा कर आयकर की धारा 80 सी में छूट प्राप्त की जा सकती है ब्याज पूर्णतः आयकर से मुक्त है। उन्होंने निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर उपजिलाधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी अनिवार्य रुप से बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा प्रगति विवरण सहायक निदेशक बचत मुरादाबाद में प्रेषित करेंगे।

# दीपावली उत्सव में डांडिया की रही धूम



रोटरी क्लब ग्रेट रामगंगा विहार स्थित एक होटल में दीपावली उत्सव आयोजित किया बया। इसमें डांडिया, गीतों पर नृत्य और हास्य के आयोजनों की धूम रही। कार्यक्रम का आरंभ लक्ष्मी गणेश की आरती और 101 दीपों की दीपमाला तथा रंगोली बनाकर किया गया। सदस्यों ने दीपावली पर गरीब, असहाय तथा जरूरतमंदों की मदद की खुशियां बांटने का संकल्प लिया। अध्यक्ष विजय अरोरा ने ईको फ्रैंडली दीपावली मनाने का आह्वान किया। अंशु रस्तोगी ने हाउजी खिलाई। हरिद्रा, मैत्रेयी, परी और कनिका ने नृत्य संग शिव स्तुति की। कपल गेम में हिमांशु राठौर और अनिल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सदस्यों ने डांडिया और गीतों पर नृत्य कर मन मोह लिया। संचालन अमित रस्तोगी एवं नीलम रस्तोगी ने किया। अंत में गिफ्ट वितरित किए गए। कुसुम रस्तोगी, नीलम न्यौयाल, नीरू, रीतू रस्तोगी, सुरभि, इला राठौर, सुदेशार्य, भावना रस्तोगी, रेखा पथिक, सुनीता रस्तोगी, पूर्णिमा शर्मा, पूनम रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, डॉ. गोविंद राज, मुकेश अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मिठाई वितरण

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -आज दिनांक 19 अक्टूबर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में माननीय मलिकार्जुन खड़गे जी को 7897 वोट प्राप्त हुए और श्री शशि थरूर जी को 1072 वोट प्राप्त हुए माननीय मलिकार्जुन खड़गे जी भारी मतों से विजय प्राप्त करने पर जिला कांग्रेस कमेटी पर जश्न मनाया गया और सड़क पर भांगड़ा बजा कर खुशी का इजहार किया गया तथा गुरहटटी चौराहे पर भांगड़े के साथ लड्डू बांटे गए। जिला अध्यक्ष ने कहा मुरादाबाद के सभी पीसीसी सदस्यों ने माननीय निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी को मतदान किया और आगे 2024 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाएगी और लगातार भारत के राष्ट्रीय नेता माननीय सोनिया गांधी जी माननीय राहुल गांधी जी माननीय प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी राज्य के नेता गण मजबूती से संगठन में सड़क पर कार्य कर रहे हैं। आप भारत की जनता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तरह आशा की नजरों से देख रही है। और कांग्रेस पार्टी की आर्थिक नीतियों को याद कर रही है।
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का आज दलित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होना देश के दलितों का सम्मान कांग्रेस पार्टी ने बढ़ाया। निर्वाचन की खुशी के मिष्ठान वितरण समारोह में मुख्य रूप से असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष, अनूप दुबे, गयूर अंसारी, कमर इरम कदीर जिला अध्यक्ष महिला, अफजल साबरी जिला चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग एवं पीसीसी सदस्य, राजेंद्र बाल्मीकि जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग, श्याम सरन एडवोकेट ,मोहत्सिम मुख्तार ,गंगा राम शर्मा ,गौरव त्रिवेदी ,मोहम्मद नाजिम, विवेक सागर ,भयंकर सिंह बौद्ध ,अरविंद चौहान ,जितेंद्र सागर,फिरोज चौधरी, दिनेश कश्यप, रईस खा, नीरज कुमार ,वाहिद हुसैन ,फैसल पंचायती, वन्ने पहलवान सुरेश चंद सक्सेना।आदि वितरण समारोह में उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Scared dogs


The incident of the death of a young child due to the bite of stray dogs in Noida's Lotus Boulevard Society on Monday evening is very painful. In such a situation, the resentment of the residents and local people of this society is understandable, as they complain that despite requests from the authority, no concrete action has been taken. The labor couple, who lost their son in this accident, cannot be compensated for their grief, but after this incident, the sleep of the system must be broken, which often does not take cognizance of such incidents. There are complaints from many places that it is difficult for children and elderly people to leave the colony due to stray dogs, but the concerned department is not doing anything despite registering the complaint. This situation comes at a time when the World Health Organization (WHO) has been constantly warning that the number of rabies deaths in India is shocking. Rabies is mainly caused by dog ??bites and according to the WHO, India alone accounts for 36 percent of rabies deaths worldwide. Stray dogs don't just attack, in the recent past several incidents of pet dogs biting in the elevators of elite societies from the National Capital Region to Mumbai have gone viral, leaving one shuddering. In one such incident, the mistress of the dog riding in the lift went ahead leaving the innocent child alone in an injured condition. Is it not the responsibility of the management of such societies to provide an environment of fearless strolling to the settlers in their premises? After all, they do collect money from the residential families for maintenance. If stray animals are roaming within any society, then the first responsibility lies with its management. One of the highest human values ??is the love of innocent beings. It should be encouraged, but not allowed to be disrespectful to a human while loving your pet dog.

Dog lovers must think especially in terms of young children and the elderly. Among non-cattle animals, the dog has been the most loyal animal to man, and its usefulness is an established fact. They are mentioned in our ancient texts. Many touching stories were written on them in the country and the world, many memorable films have been made. We are against any kind of brutal action against them, but if incidents of their becoming violent are being received from any area, then there should be a solid mechanism of prompt action. The incidents of Noida and other metros are coming to notice because most of the areas here are under 24-hour surveillance of CCTV cameras and media, none of the small towns and villages are well known.

We also cannot shy away from the fact that the availability of rabies vaccines at our health centers in remote areas is a major problem. There is no doubt that all the organisms in our ecosystem have their own importance and nature has been controlling them as well, but human intervention has disturbed this balance, so now we have to find ways to correct it.


ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Nora Fatehi was badly broken after the breakup with this actor, was a victim of depression for two months



Bollywood's famous belly dancer and actress Nora Fatehi rules the hearts of people. Nora made her mark in the industry for a very short time, but there was a time when she was a victim of depression. He even thought of leaving Bollywood. Nora was in a relationship with Angad Bedi- According to a report in Spotboye, Nora Fatehi and Angad Bedi have been in a serious relationship at one time. However, after some time both of them had a breakup, after which Angad married Neha. Not only this, Nora had accused the actor of cheating. It took a long time for Nora to come out of this breakup. Nora had said- 'All girls go through a breakup at least once in their life. It was a little difficult for me. I was broken, but this feeling really changed me a lot. She was sitting on the bench during the audition of the film 'Bharat' and suddenly started crying. The actress further said- 'I gave my audition between 200 to 300 people. Then I thought - Nora, wake up! where is your hunger There are thousands of people who are as talented as you, look good. You need to come back again. Suddenly, I got my lost confidence back. Nora Fatehi film Workfront- Talking about Nora's workfront, she will soon be seen in Sidharth Malhotra and Ajay Devgn starrer 'Thank God'. In this film, he will be seen in the song 'Manike'. Not only this, these days Nora is judging the reality show 'Jhalak Dikhhla Jaa 10'. Madhuri Dixit and Karan Johar are also seen judging the show with him.

## Hrithik Roshan did such a post on social media that the fans got upset, said- are you okay?



Hrithik Roshan's film Vikram Vedha was released a few days ago. Saif Ali Khan was in the lead role along with Hrithik in the film. Hrithik had high hopes for this film, but the film could not do anything special. Meanwhile, now the actor has shared a post on social media in which it is written that the fans have become upset about the actor. In the post shared by the actor, it is written when your mind focuses on negative things. Along with this it is written how to change it. Seeing this post, the fans are speculating that maybe negative things may have come in the mind of the actor due to the poor response to the film. At the same time, while sharing this post of the actor on social media, fans are advising him to stay calm and think positive. So someone is saying that you will have a blast at the box office soon. Now will do a blast in Fighter- Well Hrithik is now focusing on his projects ahead. He is now going to be seen in the film Fighter. Deepika Padukone is in the lead role with him in this film. Let us tell you that for a long time, the fans were requesting both of them to work together. Several posts were made on social media about the two, after which Deepika and Hrithik announced that they will be seen together in the film Fighter. This will be an action film. Personal Life Chal Hi Mast- Hrithik's personal life is going very well. He is enjoying his relationship period with Saba Azad. Recently both of them went on vacation together. Both have gone on trips before, but the actor recently shared a photo with Saba for the first time. Hrithik had actually shared the selfie in which Saba Azad was sitting on the bench behind him. Sharing the photo, Hrithik wrote, Girl on Bench. Summer 2022 London. Enjoy doing relationship period- Let us tell you that the relationship of Hrithik and Saba started from February this year when both were spotted together in a restaurant. After this, both were seen together many times. At the same time, Saba was also seen in the family events of the actor. Recently, both of them came as a couple in Ali and Richa's wedding and the photos of both became very viral. Tell about Saba that she is an actor and singer. She has worked in many Bollywood movies like Shaandaar, Caravan. Now she will be seen in the film Songs of Paradise.

# नेताजी भारत रत्न के असली हकदार , विधानसभा व लोकसभा में होनी चाहिए उनकी मूर्ति स्थापित- राजूआर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -नेताजी का दुनिया से जाना बहुत दुखद ,उनकी जगह भरना आसान नहीं -डी पी यादव नेताजी भारत रत्न के असली हकदार , विधानसभा व लोकसभा में होनी चाहिए उनकी मूर्ति स्थापित- राजूआर्य पूर्व मंत्री डी पी यादव व किसान नेता राजूआर्य ने सैफई पहुंचकर दी नेताजी को श्रद्धांजली सैफई/इटावा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के रक्षामंत्री रहे धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की मृत्यु होने के बाद सैफई में उनके चाहने वाले नेता और समर्थक लगातार पहुंच रहे हैं।इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय बाहुबली नेता डीपी यादव



भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य के साथ मुलायम सिंह यादव के पैतृक गांव सैफई पहुंचे। वहां पहुंचकर बाहुबली नेता डीपी यादव और राजू आर्या ने धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नेताजी के पुत्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को इस दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए, नेताजी के राजनीतिक जीवन पर चर्चा की साथ ही भविष्य में नेताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने की सलाह दी। इस अवसर पर एटा के प्रमुख समाजसेवी, हिंदूवादी कट्टर नेता तथा भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने नेताजी मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत भारत रत्न देने के साथ ही लोकसभा तथा विधानसभा भवन उत्तर प्रदेश में उनकी भव्य प्रतिमा लगाए जाने की मांग करते हुए, कहा कि नेताजी के कद का नेता अब उत्तर प्रदेश को मिलना मुश्किल है उनके देश का रक्षामंत्री रहते हुए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए तथा भारतीय सेना को मजबूत किया गया। इस अवसर पर रंजीत कुमार राजू आर्य के साथ एटा जिले से गए विशन पाल सिंह चौहान 卐पत्रकार卐 बबलू यादव, विनय यादव, सतेन्द्र सिंह यादव सहित दर्जनों अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अमर बलिदानी महावीर सिंह राठौर स्मारक का लोकार्पण 29 को




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -कस्वा राजा का रामपुर स्थित अमर बलिदानी महावीर सिंह राठौर स्मारक का लोकार्पण महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल महोदय पूज्य भगत सिंह कौशयारी जी करेंगे इस आशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए अमर शहीद स्मरण जन सेवा संस्थान न्यास के मुख्य न्यासी अम्बरीष सिंह राठौर एड0 ने बताया कि महामहिम जी का 29अक्टूबर को आगमन सुनिश्चित 8 बजकर 30 मिनट पर हैलीकॉप्टर से राजा का रामपुर में होगा सर्व प्रथम महामहिम जी के कर कमलों से स्मारक का लोकार्पण, उसके वाद ओमपाल सिंह जसवंत सिंह शिक्षण संस्थान स्थित स्व0 हुक्म सिंह राठौर प्रधानाचार्य आर0बी0एल0 आर्य इंटर कॉलेज की मूर्ति का अनावरण, उसके बाद जलपान कर सीधे आर0 बी0एल0 आर्य इंटर कॉलेज भ्रमण कर निकट ही बने स्वागत मंच पर महामहिम महोदय का विधान पूर्वक सम्मान आदि कर स्वागत भाषण व महामहिम महोदय का उद्बोधन होगा वहीं से हैलीपेड से हैलीकॉप्टर द्वारा 11बजे पूर्वान्ह गंतव्य को रवाना हो जाएंगे । ज्ञातव्य है कि महामहिम महोदय 1970 के दशक में शिक्षण कार्य में 2 वर्ष आर0 बी0 एल0 आर्य इंटर कॉलेज में रहे उस समय प्रधानाचार्य श्री हुक्म सिंह राठौर रहे ।उनके बहुत से शिष्य महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा में हैं तो आयोजक कार्यक्रमों को सफल बनाने में दिन रात एक किये हैं । आयोजक राठौर ने सभी क्षेत्र वासियों से शांति पूर्वक ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है

# दलालों के हाथ बेचने में मजबूर किसान, सेंटरो का पता ही नही

विपिन कुमार पाण्डेय-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-सरकार ने किसानों के लिए सेंटर लगाऐ गए हैं जिससे किसान अपनी फसल सही लागत ले सके लेकिन क्षेत्र मे सेंटरो का कहीं अता पता नही है,किसान अपनी फसल को सही दामों पर बेच सके , इसके लिए ब्लॉक खुटार में चार सेंटरो को बनाया गया जिसमें मौके पर एक भी सेंटरो पर कांटा नही लगाया गया न ही सेंटर की जगह किसानों को पता चल रही है जिससे किसानों ने औने पौने दामों में आढ़तियों व दलालों के हाथ अपना धान बिक्री कर रहे हैं ,जबकि किसान सहकारी समिति गोदामों पर भी सचिव किसानों को नहीं मिल पा रहे हैं गोदामों को सचिव की जगह पर चपरासी चला रहे हैं कहीं-कहीं गोदामों पर ताले पड़े दिखाई दे रहे हैं।

# बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुसी,एक की मौत दूसरा घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुसी,बाइक पर सवार एक की हुई दर्दनाक मौत दूसरा घायल, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस, घायल को कराया मेडिकल कॉलेज में भर्ती, घायल का मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार, बाइक पर सवार दोनों युवक जनपद फर्रुखाबाद से जा रहे थे दिल्ली, दिल्ली जाते समय हुआ दर्दनाक हादसा, दोनों मृतक और घायल युवक जनपद फर्रुखाबाद के ही बताए गए है, थाना पिलुआ क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुलाबपुर के पास की घटना,

# साप्ताहिक बाजार में मीट के विवाद मे मारपीट हालत गंभीर

प्रेमचंद जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती सोनवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रखा बुजुर्ग में साप्ताहिक बाजार मंगल बाजार लगती है जो शाम देर रात्रि बाजार के ठीक सामने जाबिर की मीट की दुकान है दुकान पर मीट मांस लेने पहुंचे इमाम निवासी गिरनट बाजार जाबिर से और इमाम से मीट मांस को लेकर के कुछ कहासुनी व कुछ बाता को लेकर बिवाद कफी बढ़ गया कि मार पीट होने लगा और फिर एक दूसरे में लड़ाई होने लगी फिर जाबिर के पास मांस काटने वाला चाकू छुरी से इमाम के उपर जान लेवा हमला कर दीया हाथ पर और पेट पर चाकू से मार दिया जिससे इमाम को काफी चोट आई है इमाम को एंबुलेंस बुलाकर के बहराइच ले जाया गया है। जहा पर इलाज किया जा रहा ।और हालात गम्भीर बनी हुयी है। तथा इस संबंध में पत्नी राजिया ने थाना तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है इस संबंध में इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनवा से जानकारी लेने पर बताया गया कि तहरीर मिली है जांच किया जा रहा है मामला दर्ज कर लिया गया है ।

# राहुल सिंह व उनके साथी यशप्रताप सिंह ने बरेली जाकर उनकी आर्थिक मदद की

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड निवासी पिंटू अवस्थी व रामनिवास यादव सोमवार को किसी वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गए थे, परिवार के लोग उनका बरेली के एक हॉस्पिटल में उपचार करा रहे है,लेकिन आर्थिक स्थिति मजबूत न होने की वजह से परिवार के लोग उनका उपचार कराने में असमर्थ हैं,लेकिन सिर में अधिक चोट होने की वजह से रामनिवास यादव की हालत गंभीर बनी हुई है, सभासद प्रत्याशी राहुल सिंह व उनके साथी यशप्रताप सिंह ने बरेली जाकर उनकी आर्थिक मदद की, तथा सभी से पीड़ित की आर्थिक रूप से मदद करने का अनुरोध किया, जिससे उनका सही ढंग से उपचार हो सके।

# बीमार पड़ी गाय को आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष ने उपचार कराकर गौशाला भिजवाया

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- मोहल्ला बजरिया में कई दिनों से बीमार पड़ी थी गाय मोहल्ले वालों ने सूचना आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला को दी सूचना पा के अध्यक्ष श्रीअनुपम शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत कर्मचारी एवं मोहल्ले वासियों के सहयोग से गाय को गाड़ी में लदवा कर उपचार कराके उसे सिमरा वीरान में बने गौशाला में भिजवा दिया लोगों ने अध्यक्ष द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की।

# खुटार में विधान परिषद सदस्यों का में हुआ स्वागत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, स्नातक एमएलसी डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त, शाहजहांपुर पीलीभीत विधान परिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता ने खुटार के तिकुनिया चौराहा स्थित गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका और सिख समाज के साथ बैठक की,



जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात तीनों विधान परिषद सदस्य पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता के आवास पर पहुंचे वहां पर उनके पति लक्ष्मण गुप्ता, पुत्र विपिन गुप्ता आदि ने स्वागत किया, इस मौके पर बलदेव सिंह,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तिकुनिया के अध्यक्ष गौरव शर्मा, गुरसेवक सिंह गोल्डी, किसान मोर्चा अध्यक्ष सचिन मिश्रा, सरताज, जगतार सिंह, जगजीत सिंह, सुखदेव सिंह, संतोष सिंह, जगवंत सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे, और उन्होंने विधान परिषद सदस्यों को सरोपा भेंट कर उनका स्वागत किया।

# भाजयुमो मण्डल बिहारपुर ने मुख्यमंत्री का फुंका पुतला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर-बिहारपुर-छत्तीसगढ़ में ईडी द्वारा हुए छापेमारी में कांग्रेस सरकार के अधीनस्थ भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश संगठन के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बिहारपुर चांदनी अध्यक्ष पुनीत पाठक के अगुवाई में थाना के सामने अटल चौक पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया साथ ही साथ थाना में सूचना देते हुए बताया गया छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में भूपेश बघेल के अधीनस्थ भ्रष्टाचार का व्यापक रूप दिखाई दे रहा है जिसे लेकर बाजू में प्रदेश संगठन के आह्वान पर सूरजपुर जिले के 14 मंडलों में पुतला दहन किया गया इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता भाजयुमो मंडल महामंत्री बीपी जायसवाल किसान मोर्चा मंडल महामंत्री शिवधन गुप्ता अजा मोर्चा मंडल महामंत्री रामशकल साकेत व्यापार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक देवेन्द्र गुप्ता आईटी सेल मंडल संयोजक कन्हैया लाल साहू मनराखन सिंह शंकरदयाल पण्डो रामललन यादव मुकुन्दलाल जायसवाल शिवसरन गुप्ता कमलेश गुप्ता लालता प्रसाद विश्वकर्मा मानप्रसाद बैस सहित भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जीजा के स्कार्पियों वाहन को बिक्री करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, चौकी लटोरी पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 26.09.22 को ग्राम करवां निवासी मोहम्मद ताहीर अंसारी ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि भटगांव निवासी निर्भय पासवान अपने भाई जे.पी.पासवान उर्फ जयप्रकाश को अपना जीजा रविकांत प्रसाद पासवान बनाकर जीजा के नाम पर स्कार्पियों को ताहीर अंसारी को 10 लाख 20 हजार रूपये में सौदा तय कर बिक्री कर दिया बिकी की रकम 5 लाख रूपये नगद प्राप्त कर शेष राशि नाम ट्रान्सफर होने के बाद देना तय हुआ। इसी बीच स्कार्पियों वाहन जिस कंपनी से फायनेंस हुआ था जो वाहन का किस्त जमा न होने पर वाहन को सीज कर ले गए। वाहन के दस्तावेज के आधार पर असल वाहन स्वामी से सम्पर्क कर बात होने पर इस पूरे मामले का खुलासा होने पर इसे ठगी होने का आभास हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर निर्भय पासवान व जे.पी.पासवान उर्फ जयप्रकाश के विरूद्ध चौकी लटोरी में अपराध क्रमांक 266/22 धारा 420, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही आरोपीगण फरार थे। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने धोखाधड़ी के फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी की गई जिसमें नई तकनीक की भी मदद ली गई। इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपीगण औरगांबाद बिहार में लुकछीप कर रह रहे है, प्राप्त सूचना के बाद चौकी लटोरी की पुलिस टीम ने औरगांबाद बिहार में दबिश देकर आरोपी निर्भय पासवान पिता शत्रुधन पासवान उम्र 28 वर्ष एवं जे.पी.पासवान उर्फ जयप्रकाश पिता शत्रुधन पासवान उम्र 34 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने अपने जीजा के स्कार्पियों वाहन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल पूर्वक बिक्री कर रकम हासिल करना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, आरक्षक अशोक कनौजिया, ललन सिंह, युवराज यादव व रौशन सिंह सक्रिय रहे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# प्रेस क्लब को लेकर जनपद के पत्रकार पहुँचे हनुमान जी की शरण मे

निशाकांत शर्मा- दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -पांच वर्षों से निजी संपत्ति बना रखा एटा प्रेस क्लब को आजाद कराने के लिए पत्रकारों ने एक बैठक कर हनुमान जी के मंदिर में शपथ संकल्प के तहत अबाज उठाई पत्रकार राजीव मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2017 में हम सभी पत्रकारों ने समस्त पत्रकारो के हितों को देखते हुए तेरह दिन और रात धरना प्रदर्शन कर तत्कालीन जिलाधिकारी अमित किशोर से प्रेस क्लब के रूप में शहर के शहीद पार्क स्थित भवन को पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए सुविधा अनुसार दिया था लेकिन चंद स्वार्थी पत्रकारों ने निजी संपत्ति बनाकर ताला डाल दिया इस कारण जनपद के पत्रकारों को सर्दी गर्मी बरसात के समय सड़को पर भटकना पड़ा पत्रकारों की अपनी निजी बैठके विचार गोष्ठि शोक सभा एव सम्मेलन एव आपसी मन्त्रा प्रेस क्लब होने की बजाय जहां तहां बैठकर प्रकिया अपनाने को मजबूर रहे । लेकिन इन 5 वर्ष के लम्बे समय के बाद भी स्वतंत्र एवं सामूहिक रहने वाले प्रेस क्लब पर ताला डालकर निजी संपत्ति बनाकर रखने बालों ने कभी अन्य सभी पत्रकारों के बारे में उनके दुख दर्द को नहीं समझा इन्हीं पत्रकारों की अनदेखी के विषय को लेकर मंगलवार की दोपहर जिला पंचायत परिसर स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर पर एक बैठक आहूत की गई जिसमें समस्त पत्रकारों ने निर्णय लेते हुए एक सुर में कहा के पत्रकारों में आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए प्रेस क्लब को स्वतंत्र एवं सामूहिक करने हेतु एक निवेदन पत्र पत्रकार सुनील मिश्रा जी को भेजा जाए । इस राय का सभी पत्रकारों ने स्वागत किया और सर्व सम्मति से एक सामूहिक हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र भेजनें के निर्णय के बाद बैठक का समापन किया । इस दौरान बबलुद्ध चक्रवर्ती, राजीव मिश्रा, शिव कुमार पाठक, कपिल पाराशर, अशोक शर्मा, डॉ पवन चतुर्वेदी, पंकज गुप्ता, ज्ञानेश कुमार,अमित कुमार गुप्ता , अनुज कुमार मिश्रा ,पवन पाठक ,दीपक दीक्षित सहित अन्य साथियों की उपस्थिति रही

# एटा में रात्रि गश्त करते हुए फर्स्ट मोबाइल की पुलिस जीप

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा में रात्रि गश्त करते हुए फर्स्ट मोबाइल की पुलिस जीप पलटी, जिसका नम्बर ये है UP}2G-0424, थाना कोतवाली देहात चालक एतराम खान व कॉन्स्टेबल हरेंद्र एवं होमगार्ड विजय सिंह हुए घायल,थाना देहात कोतवाली पुलिस रात्रि में गश्त करके लौटते वक्त जीटी रोड के शहीद पार्क के पास जीप पलट गई,

रात्रि गस्त के कारण अचानक नींद आने के कारण आज सुबह 6—30 बजे के करीब शहीद पार्क पर फर्स्ट मोबाइल अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सभी घायलों को मेडीकल कॉलेज भेजकर एडमिट कराया गया है,


*अन्य खबरों के लिए देखे*

WWW.KNLSIVE.COM


# सिंथेटिक और नकली घी,दूध बनाने का भारी मात्रा में सामान किया बरामद

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा के गंजडुंडवारा रोड़ पर नकली घी और दूध की फैक्ट्री पर पुलिस और फूड बिभाग की सयुंक्त टीम ने मारा छापा, सिंथेटिक और नकली घी,दूध बनाने का भारी मात्रा में सामान किया बरामद, मौके से 15 कनस्तर पामोलिव ऑइल,4 कनस्तर कोकोनट ऑइल सहित भारी मात्रा में नकली घी,दूध बनाने का जखीरा किया बरामद, पीड़ित जीतू की शिकायत पर पहुंचे कोतवाली नगर एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह और सीओ सिटी राजकुमार सिंह, ये नीरज नामक व्यक्ति कर रहा था लंबे समय से सिंथेटिक और नकली घी,दूध बनाने का अवैध कारोबार, सीओ सिटी राजकुमार सिंह,एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह, फ़ूड विभाग के चीफ केके त्रिपाठी, फूड इंस्पेक्टर सहित भारी मात्रा में पुलिस बल रहा मौके पर, थाना कोतवाली नगर के अशोक नगर स्कूल और पीपल अड्डा के नगरसेन एक घर मे छापा मारने का मामला।*

# राज्यस्तरीय सेजेस कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले से सर्वाधिक प्रस्तुतियां

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- स्वामी आत्मानंद विद्यालयो में राज्य स्तरीय कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे राज्य के सभी जिलों व विकासखंड में स्थित सभी अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सेजेस विद्यालयों ने भाग लिया। यह तीन चरणों मे आयोजित किया जा रहा है जिसमे जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय व राज्य स्तरीय है । इस कार्यक्रम में सभी कला व सांस्कृतिक विधाओ के कार्यक्रम शामिल है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला गौरेला पेण्ड्रा व मरवाही के 6 कार्यक्रम जिनमे (सामुहिक नृत्य, गायन , वादन यंत्र एकल व सामुहिक स्वामी आत्मानन्द अंगेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा से, एकल वादन में स्वामी आत्मानन्द सेमरा व एकल नृत्य में स्वामी आत्मानन्द मरवाही ) के छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में




हुआ जिसका आयोजन अक्टूबर 27 -28 को रायपुर में होगा। सेजेस विद्यार्थियों का संभागीय स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन ने जिले का गौरव राज्य स्तर में बढ़ाया है। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री चंद्रा जी ने छात्र छात्राओं व संबंधित शिक्षकों को शुभकामनाएं दी व आगामी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभाशीष दिया। कार्यक्रम के नोडल व प्राचार्य श्री वी के वर्मा जी ने जिले के सभी सेजेस विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं । राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चयनित छात्र व छात्राओं का राज्य स्तर में जिले का परचम लहराने के लिये सभी का मनोबल बढ़ाया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम से 4 , स्वामी आत्मानन्द सेमरा से 1 व स्वामी आत्मानन्द मरवाही से 1 कार्यक्रम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले से प्रदर्शित किए जाएंगे।

# पावर प्लांट में किया गया 47 क्वींटल से अधिक गांजा सहित अन्य नशीले वस्तुओं का नष्टीकरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर।-सरगुजा रेंज में जब्त 47 क्वींटल 33 किलो गांजे सहित अन्य नशीली पदार्थो को पावर प्लांट के बायलर में डालकर बिजली का उत्पादन किया गया। जिससे करीब 4 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने का अनुमान है। रेंज में ऐसा पहली बार हुआ कि गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया हो। बाजार मूल्य के हिसाब से लगभग 12 से 15 करोड़ रुपये का मादक पदार्थो को नष्टीकरण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री अजय कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नशीली वस्तुओं को नष्ट किया गया जिससे की बिजली का उत्पादन हुआ है। आईजी श्री अजय कुमार यादव ने कहा कि सरगुजा रेंज के जिलों के द्वारा अभियान चलाकर नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर नशीली पदार्थ गांजा, बाराउन शुगर, सिरप, कैप्सूल, अफीम, इंजेक्शन, टेबलेट जप्त की गई थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए नशे के जखीरे का नष्टीकरण किया गया। अभियान के तहत सरगुजा रेंज में 201 प्रकरणों में 47 क्वींटल 33 किलो गांजा, 30.44 ग्राम बाराउन शुगर, 2390 नग सिरप, 13376 नग कैप्सूल, 350 ग्राम अफीम, 1432 नग इंजेक्शन, 3971 नग टेबलेट का नष्टीकरण इंदिरा पावर





जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर में किया गया। नष्टीकरण के दौरान जलाए गए गांजे से बिजली का उत्पादन भी हुआ है। हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देख-रेख में हुआ नष्टीकरण- आईजी सरगुजा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने नशीले पदार्थो के नष्टीकरण को लेकर सारे इंतेजामें को पहले से ही दुरूस्त करा रखा था। सरगुजा रेंज के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अच्छी कार्रवाई की गई है। मादक पदार्थो के नष्टीकरण के लिए रेंज स्तर पर 3 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी बनाई गई है। मादक पदार्थो के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष आईजी सरगुजा श्री अजय कुमार यादव, सदस्य पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री त्रिलोक बंसल की उपस्थिति में बुधवार, 19 अक्टूबर 2022 को किया गया। कप सिरप की शिशियों और टेबलेट्स को जलाकर नष्ट किया गया और फिर जमीन पर गड्ढा खोदकर उसे मिट्टी से पाट दिया गया।

इस दौरान प्लांट के जीएम प्रदीप शुक्ला, आईजी ऑफिस के रीडर लाल साय पैकरा, सुभाष ठाकुर, पीताम्बर विश्वास, विकास सिंह ,थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र कुर्रे, निरीक्षक जावेद मियादाद सहित सरगुजा रेंज के कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# पटवारी से मारपीट एवम् तहसीलदार से झूमा झटकी करने वाले पांचों आरोपियो को जीपीएम पुलिस ने किया तत्काल गिरफ्तार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

थाना गौरेला क्षेत्र के ग्राम सारबहरा क्षेत्र का है , यहां गौरेला तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार श्री अविनाश कुजूर को अपने पटवारी भानु साय से सूचना प्राप्त हुई थी, कि ग्राम सारबहरा के बहेलिया टोला में कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ की कटाई कर रहे हैं और परिवहन करने वाले हैं , इसकी सूचना की तस्दीक करने के लिए नायब तहसीलदार श्री कुजूर अपने पटवारी भानु साव एवं कोटवार दुर्गेश मोंगरे के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर ट्रैक्टर चालक रेड करने वाली टीम को देखकर भाग गया , जब नायब तहसीलदार एवं उनकी टीम के द्वारा मौके पर लिखा पढ़ी की जा रही थी, उसी समय छत्रपाल उर्फ छतरू और प्रदीप बैगा उनके पास जाकर झगड़ा झंझट कर रहे थे और गांव में जाकर जयकरण धनुहार और उनके दोनों लड़कों को बुलाकर पटवारी भानू साय से मारपीट करने लगे । बीच-बचाव करने पर नायब तहसीलदार एवं कोटवार दुर्गेश मोंगरे के साथ भी झूमा झटकी किए। मौका पाकर नायब तहसीलदार के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई , जिस पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची, पुलिस को पहुँचते देख सब भाग गए थे। नायब तहसीलदार के लिखित रिपोर्ट पर थाना गौरेला में अपराध क्रमांक 410 /22 धारा 186, 353 ,332, 323, 294 ,506, 147 ,34 भादवि के तहत शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने तथा शासकीय सेवक के साथ मारपीट करने के अपराध में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही श्री यू. उदय किरण* के द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिया गया, जिस पर पुलिस टीम तुरंत ही घटनास्थल पर पहुंची और विवेचना में घटना में संलिप्त पांचों आरोपीयो छत्रपाल धावरिया, प्रदीप बैगा , जयकरण धनुहार ,विकास धनुहार, विक्रम धनुहार को तत्काल गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें आज न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

# उपकरण आंकलन शिविर में 72 दिव्यांग बच्चे हुए शामिल



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से आज कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गौरेला में उपकरण आंकलन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, मानसिक मंद, दृष्टि बाधित सहित अन्य दिव्यांगता वाले 72 बच्चो शामिल हुए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों का आंकलन एवं परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार उपकरण, एक्टिव सर्जरी, एक्सरसाइज आदि के लिए सलाह दिया गया।

# इमरान मसूद के सिर पर मायावती ने रखा हाथ, सपा से बसपा में शामिल, पश्चिमी यूपी BSP कोर्डिनेटर भी बनाया



बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को समाजवादी पार्टी छोड़कर आये इमरान मसूद के सिर पर हाथ रखा और उन्हें बसपा की सदस्यता ग्रहण करा दी। इमरान को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पश्चिमी यूपी में बसपा का संयोजक भी बना दिया गया है। कभी पीएम मोदी को बोटी-बोटी काटने की धमकी देने वाले इमरान मसूद इसी साल कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में आए थे। उन्हें टिकट नहीं मिला तो सपा से नाराज चल रहे थे। बसपा ज्वाइन करने के बाद इमरान ने कहा कि वह बहन जी के मूवमेंट को मजबूती देने आए हैं। कहा कि जब जब बसपा का मूवमेंट कमजोर हुआ है भाजपा मजबूत हुई है। इसके उलट जब जब सपा मजबूत हुई है भाजपा और मजबूत हो गई है। मसूद के बसपा में शामिल होने की जानकारी मायावती ने ट्वीट करके भी दिया। मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश व खासकर पश्चिमी यूपी की राजनीति में इमरान मसूद एक जाना-पहचाना नाम हैं। जिन्होंने आज अपने करीबी सहयोगियों के साथ मुझसे मुलाकात की और वे समाजवादी पार्टी छोड़कर, अच्छी नीयत व पूरी दमदारी से काम करने के वादे के साथ, बीएसपी में शामिल हो गए। तहेदिल से स्वागत।

## बसपा में शामिल होते ही बड़ी जिम्मेदारी

मायावती ने मसूद को पश्चिमी उप्र का बसपा का संयोजक भी नियुक्त किया है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि साथ ही पार्टी में काम करने के इनके जबर्दस्त जोश व उत्साह को देखकर आज ही उन्हें पश्चिमी यूपी बीएसपी का संयोजक बनाकर वहां पार्टी को हर स्तर पर मज़बूत बनाने व ख़ासकर अक़लीयत समाज को पार्टी से जोड़ने की भी विशेष ज़िम्मेदारी सौंपी गई। मायावती ने कहा कि आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के बाद व अब स्थानीय निकाय चुनाव से पहले मसूद व अन्य लोगों का बीएसपी में शामिल होना यूपी की राजनीति के लिए इस मायने में शुभ संकेत है कि मुस्लिम समाज को भी यकीन है कि भाजपा की द्वेषपूर्ण व क्रूर राजनीति से मुक्ति के लिए सपा नहीं बल्कि बीएसपी ही जरूरी है। बसपा अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा कि बीएसपी ने पार्टी संगठन और अपनी सभी सरकारों में भी गरीबों, महिलाओं व अन्य उपेक्षितों आदि के हित एवं कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए अपने कार्यों से यह साबित किया है कि सर्वसमाज का हित, रोजी-रोजगार, सुरक्षा व धार्मिक स्वतंत्रता आदि बीएसपी में ही संभव, जिसपर विश्वास समय की मांग है।

## बहन जी के मूवमेंट को ताकत देने आया हूं

बसपा की सदस्यता ग्रहण कराने पर मसूद ने मायावती का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बसपा ही एकमात्र पार्टी है जो सर्वसमाज की उम्मीदों पर खरी उतर सकती है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर ही उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की है। मसूद ने कहा कि बहन जी के मूवमेंट को ताकत देने आया हूं। जब जब मूवमेंट कमजोर हुआ है भाजपा मजबूत हुई है। जबकि जब जब सपा मजबूत हुई भाजपा और मजबूत हुई है। यह भी कहा कि पिछले विधानसभी चुनाव में सपा को बड़ी संख्या में वोट दिलवाए थे।

# मुलायम के निधन के बाद पहली बार छोटे बेटे प्रतीक की आई प्रतिक्रिया, अखिलेश यादव को लेकर यह कहा







मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उनके छोटे बेटे प्रतीक यादव की पहली बार सियासत को लेकर प्रतिक्रिया सामने आई है। प्रतीक यादव बुधवार को प्रयागराज में मुलायम सिंह की अस्थियों का विसर्जन करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही।

उन्होंने अपनी राजनीति में एंट्री पर भी स्थिति साफ की। प्रतीक ने कहा कि नेताजी की सियासी विरासत को अखिलेश भैया ही संभालेंगे। प्रतीक यादव ने कहा कि नेताजी के निधन से उनका व्यक्तिगत और पूरे समाज का बड़ा नुकसान हुआ है। नेताजी की सियासी विरासत को अखिलेश भैया ही संभालेंगे। खुद को लेकर कहा की हम पहले से ही दूसरे कामों में थे और उन्हीं कामों में व्यस्त रहेंगे। सियासत से उनका आगे भी कोई लेना देना नहीं रहेगा। मुलायम के निधन के बाद से पूरा यादव परिवार एक साथ दिखाई दे रहा है। प्रतीक यादव मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे हैं। साधना गुप्ता का निधन इसी साल जुलाई में हुआ था। अपर्णा यादव प्रतीक यादव की पत्नी है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव बीजेपी में शामिल हो गई थीं। इसके बाद अब माना जा रहा था कि नेताजी के निधन के बाद उनकी राजनीतिक विरासत को लेकर दोनों में रार हो सकती है। हालांकि अब प्रतीक यादव के बयान के बाद माना जा रहा है कि ऐसी स्थिति नहीं बनेगी। सैफई से विशेष विमान से अखिलेश यादव के साथ पूरा यादव परिवार अस्थि विसर्जन करने बुधवार की दोपहर प्रयागराज पहुंचा। हालांकि डिंपल यादव इस दौरान नहीं आईं। हरिद्वार में अस्थि विसर्जन के डिंपल भी गई थीं। रामगोपाल यादव भी सैफई हवाई पट्टी तक पहुंचे लेकिन प्रयागराज नहीं आए। अखिलेश के साथ बेटा अर्जुन और बेटी अदिती के अलावा चाचा शिवपाल और धर्मेंद्र यादव साथ-साथ दिखाई दिए।

# इस मंदिर में गिरे थे माता सती के स्कंध और पट, त्रेतायुग से जल रही अखंड धूनी



उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले से करीब 28 किलोमीटर दूर तुलसीपुर में 51 शक्तिपीठों में से एक दुर्गा माता का प्रसिद्ध मंदिर है। कहते हैं कि यहां माता सती का गंधा और पट अंग गिरा था। इसी वजह से इस मंदिर का नाम पाटन पड़ गया और ये जगह देवीपाटन नाम से मशहूर हो गई। ये मंदिर सिद्धपीठ है जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। पाटन देवी के मंदिर की स्थापना गोरक्षनाथ ने की थी। माना जाता है कि पाटन देवी का ये मंदिर मौर्य वंश के राजा विक्रमादित्य ने बनवाया था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार प्रजापति दक्ष के यज्ञ में पति महादेव का स्थान ना देखकर क्रोधित सती ने क्रोधित होकर अपने प्राण त्याग दिए थे। इस घटना से क्षुब्ध होकर शिव ने यज्ञ का नाश किया और सती के शरीर को अपने कंधे पर रखकर तीनों लोकों में विचरण करने लगे। तब भगवान विष्णु ने सती के शरीर के विभिन्न अंगों को सुदर्शन-चक्र में काट दिया जिससे उनके शरीर के कई टुकड़े धरती पर अलग-अलग जगहों पर गिरे। पृथ्वी पर जहां-जहां सती के अंग गिरे, वहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई। कहते हैं कि सत्ती का बायां त्रिक पाटन यहां गिरा था इसलिए यह स्थान देवी पाटन के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव की आज्ञा से गुरु गोरखनाथ ने सबसे पहले देवी की पूजा के लिए मठ बनाया लंबे समय तक जगजननी माता दुर्गा की पूजा की। एक और कहानी कहती है कि देवी सती की दाहिनी जांघ यहां गिरी थी। पाटन देवी मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लोग अपने घर के बच्चों का मुंडन करवाने भी इस मंदिर में आते हैं। मंदिर में न केवल भारत से बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी तादात में भक्त दर्शनों के लिए आते हैं। मंदिर में एक प्रसिद्ध तालाब भी है जिसके बारे में माना जाता है कि जिसे कर्ण ने बनवाया था। इस तालाब का नाम सूर्य कुंड है। कहा जाता है कि कर्ण ने अपने पिता भगवान सूर्य को श्रद्धा अर्पित करने के लिए इस तालाब का निर्माण किया था। ऐसी मान्यता है कि यहां विद्यमान सूर्यकुंड और त्रेतायुग से जल रही अखंड ज्योति में मां दुर्गा के शक्तियों का वास है। कहते हैं कि इसी स्थान पर गुरु गोरखनाथ को सिद्धियों की प्राप्ति हुई थी।